राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–203/2024

राज्यपाल ने रतन टाटा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 10 अक्टूबर 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

उन्होंने अपने शोकोद्गार में कहा है कि रतन टाटा ने टाटा समूह को न सिर्फ नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया, बल्कि भारतीय उद्योग को वैश्विक पहचान दिलाई। उन्होंने औद्योगिक विकास व राष्ट्र निर्माण तथा सामाजिक क्षेत्र में अविस्मरणीय भूमिका निभाई। वे सादगी, ईमानदारी और परोपकारिता के प्रतीक थे। उनके निधन से औद्योगिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा शोक–संतप्त उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को धैर्य, साहस एवं संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से कामना की है।

....